**डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,उ0प्र0**
**(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय)**
**सेक्टर–11 जानकीपुरम विस्तार, सीतापुर रोड, लखनऊ–226031**

पत्रांकः ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2022 / 6320 दिनॉकः 04 नवम्बर, 2022

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डा0ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः दिनांक 07.10.2022 से आयोजित करायी जा रही सत्र 2021–22 के विषम एवं सम सेमेस्टर की अतिरिक्त कैरी ओवर परीक्षा की प्रैक्टिकल परीक्षा कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सबन्ध में कृपया विश्वविद्यालय के पत्रांक ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 2022 / दिनांक 01 नवम्बर, 2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्र के माध्यम से अतिरिक्त कैरी ओवर परीक्षा की प्रैक्टिकल परीक्षा कराये जाने हेतु प्रैक्टिल एक्जामिनर की नियुक्ति किये जाने की अनुमति प्राप्त करने हेतु प्रस्ताव अधोहस्ताक्षरी की ईमेल आई0डी0 practical.exam@aktu.ac.in पर भेजें जाने तथा विश्वविद्यालय द्वारा प्रैक्टिल एक्जामिनर की नियुक्ति की स्वीकृति प्राप्त हो जाने के पश्चात अतिरिक्त कैरी ओवर की प्रैक्टिकल परीक्षा आयोजित कराये जाने हेतु सूचित किया गया था। उक्त के कम में सूचित करना है कि आपकी संस्था से उक्त अतिरिक्त कैरी ओवर परीक्षा की प्रैक्टिकल परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले समस्त छात्र / छात्राओं की सूची Excel Format में अधोहस्ताक्षरी की ईमेल आई0डी0 practical.exam@aktu.ac.in पर दिनांक 07 नवम्बर, 2022 तक अनिवार्य रूप से भेजना सुनिश्चित करें, ताकि उक्त छात्र / छात्राओं की लागिन पर प्रैक्टिल परीक्षा का शुल्क जमा किए जाने हेतु एक link के माध्यम से छात्र / छात्राओं का प्रैक्टिल परीक्षा का शुल्क जमा कराया जा सके।

तदनुसार अवगत होते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,
Anurag Tripathi 04.11.22
( प्रो0 अनुराग त्रिपाठी )
परीक्षा नियंत्रक

**पृष्ठांकन संख्या व दिनॉकः उपरोक्त।**
प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. प्रभारी, ERP ए0के0टी0यू0, लखनऊ को आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
2. कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. संयुक्त / उप परीक्षा नियंत्रक (एस0) / उप परीक्षा नियंत्रक (डी), ए0के0टी0यू0, लखनऊ ।
4. स्टाफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

( प्रो0 अनुराग त्रिपाठी )
परीक्षा नियंत्रक